# NOTE FOR JUSTI FICATION

परियोजना विवरण :— मा0मु0घो0सं0 811/2014 के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर में नैनी से ग्राम क्वैराली तक मोटर मार्ग का निर्माण।
(वास्तविक लम्बाई 1.825 किमी०)

उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग ग्राम नैलपड़ (क्वैरानी) को प्रभावित करता है। यह मार्ग आरतोला—जागेश्वर—नैनी मोटर मार्ग के किमी0 20 हैमी0 8—10 नैनी बाजार से प्रारम्भ होकर ग्राम क्वैराली को जोड़ता है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी। वर्तमान में गांव की महिलाएं पानी, लकड़ी, चारा आदि लेने के लिये दूर जाती है। मार्ग निर्माण के पश्चात् उनका बहुमूल्य समय बचेगा साथ ही वें अपने घर और बच्चों को अधिक समय दे पाएंगी, जिससे कि बच्चों का लालन—पालन तथा पठन—पाठन ठीक से होगा तथा कुपोषण जैसी भारी समस्या दूर हो पाएगी। गांव में चिकित्सालय तथा विद्यालय खुलने के और नए अवसर मिलेंगे। ग्रामवासी अपने उत्तपादित फल, सब्जी, अनाज आदि को बाजार तक बिना किसी कठिनाई के ले जा पाएंगे साथ ही गांव विकास की ओर अग्रसर होगा एवं स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

यह समरेखन सिविल भूमि (राज्य भूमि), आरक्षित भूमि तथा नाप भूमि से होकर गुजरता है। अन्य किसी श्रेणी की भूमि प्रभावित नहीं होती है। समरेखन के अन्तर्गत कोई मकान, मस्जिद, कब्रिस्तान का भाग नही पड़ता है।

उक्त मोटर मार्ग की स्वीकृत लम्बाई 4.00 किमी है, परन्तु प्रारम्भिक सर्वेक्षण के उपरान्त 1.825 किमी0 लम्बाई में ही प्रस्तावित ग्राम जुड जाता है तथा मार्ग की चौड़ाई 9.00 मीटर ली गई है। मार्ग के निर्माण में 0.090 है0 सिविल भूमि, आरक्षित भूमि 1.3275 है0 (कुल भूमि 1.4175 है0) नाप भूमि 0.225 है0 प्रभावित होती है उक्त प्रयोजनार्थ इस भूमि हेतु न्यूनतम समरेखणों पर विचार किया गया है।

**समरेखन नं0 1**:—यह समरेखन आरतोला—जागेश्वर—नैनी मोटर मार्ग के किमी0 20 हैमी0 8—10 नैनी बाजार से प्रारम्भ होकर ग्राम क्वैराली को जोड़ता है। इस समरेखन में प्रस्तावति मार्ग की लम्बाई 4.00 किमी0 स्वीकृत है, परन्तु प्रारम्भिक सर्वेक्षण के उपरान्त 1.825 किमी0 लम्बाई में ही प्रस्तावित ग्राम जुड जाता है। इस समरेखन में ग्रामवासियों की सहमति प्राप्त है। इस समरेखन में 02 एच0पी0 बैण्ड आते हैं। इस समरेखन में ग्राम क्वैराली लाभान्वित होता है।

**समरेखन नं0 2**:—यह समरेखन आरतोला—जागेश्वर—नैनी मोटर मार्ग के किमी0 20 हैमी0 8—10 नैनी बाजार से प्रारम्भ होकर ग्राम क्वैराली को जोड़ता है। इस समरेखन में प्रस्तावति मार्ग की लम्बाई 4.00 किमी0 स्वीकृत है, परन्तु प्रारम्भिक सर्वेक्षण के उपरान्त 3.00 किमी0 लम्बाई में ही प्रस्तावित ग्राम जुड जाता है। इस समरेखन में ग्रामवासियों की नाप भूमि एवं बांज के वृक्ष आने के कारण उनकी सहमति नहीं है। इस समरेखन में 02 एच0पी0 बैण्ड आते हैं। इस समरेखन में ग्राम क्वैराली लाभान्वित होता है।

उक्त को ध्यान में रखते हुए समरेखण नं0 2 को निरस्त कर समरेखण 01 को अधीक्षण अभियन्ता द्वारा अनुमोदित किया गया है। उक्त मोटर मार्ग के निर्माण में 0.090 है0 सिविल भूमि, आरक्षित भूमि 1.3275 है0 (कुल भूमि 1.4175 है0) नाप भूमि 0.225 है0 प्रभावित होती है, जो न्यूनतम है। मोटर मार्ग की वास्तविक लम्बाई 1.825 किमी0 तथा चौड़ाई 9.00 मीटर में ली गई हैं। उक्त भूमि में मोटर मार्ग का निर्माण करने से पूर्व यह प्रस्ताव गठित कर स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

अतः प्रस्तावित सिविल भूमि (राज्य भूमि) का हस्तान्तरण प्रस्ताव स्वीकृत करने की कृपा करें।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता | सहायक अभियन्ता | अधिशासी अभियन्ता |
| नि.ख.लो.नि.वि | नि.ख.लो.नि.वि | नि.ख.लो.नि.वि |
| अल्मोड़ा | अल्मोड़ा | अल्मोड़ा |